# जीएसटी संग्रह 10 फीसदी बढ़कर 1.73 लाख करोड़

## वित्त मंत्रालय के आंकड़े...घरेलू लेनदेन से राजस्व में मजबूत वृद्धि से मई में बढ़ी कर वसूली

**नई दिल्ली।** आयात में गिरावट के बावजूद घरेलू लेनदेन से राजस्व में मजबूत वृद्धि के कारण सकल जीएसटी संग्रह मई, 2024 में सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़कर करीब 1.73 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, यह अप्रैल के रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये के कर संग्रह की तुलना में 17.61 फीसदी कम है। मई, 2023 में सरकार को जीएसटी के जरिये 1,57,090 करोड़ की कमाई हुई थी।

वित्त मंत्रालय के शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 1,72,739 करोड़ रुपये के सकल जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी की 32,409 करोड़ और राज्य जीएसटी की 40,265 करोड़ रुपये हिस्सेदारी रही। एकीकृत जीएसटी का योगदान 87,781 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर जुटाए 39,879 करोड़ रुपये शामिल हैं। कुल उपकर संग्रह 12,284 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान घरेलू लेनदेन से राजस्व में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि आयात में 4.3 फीसदी गिरावट रही। एजेंसी




### रिफंड के बाद शुद्ध राजस्व 1.44 लाख करोड़

आंकड़ों के मुताबिक, रिफंड के बाद मई के लिए शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.44 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह मई, 2023 की तुलना में 6.9 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

■ केंद्र सरकार ने 67,204 करोड़ रुपये के शुद्ध एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 38,519 करोड़ और राज्य जीएसटी के लिए 32,733 करोड़ रुपये का निपटान किया।

### पांच राज्यों में सर्वाधिक कर वसूली

| राज्य संग्रह | (करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 26,854 |
| कर्नाटक | 11,889 |
| गुजरात | 11,325 |
| तमिलनाडु | 9,768 |
| हरियाणा | 9,289 |

**उत्तर प्रदेश** : 9,091 करोड़, दिल्ली : 7,512 करोड़, पंजाब : 2,190 करोड़, **उत्तराखंड** : 1,837 करोड़, हिमाचल प्रदेश : 838 करोड़, **जम्मू-कश्मीर** : 525 करोड़, चंडीगढ़ : 237 करोड़।